हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 22 अप्रैल 2026

06 तहसील बाबू पर जमीन हथियाने का आरोप...



07 लाठी डंडों से पीटकर हुई राकेश की मौत दूल्हे के ...





## खबर संक्षेप

### जानवी चौधरी ने किया बंडा तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त



**सागर।** कुमारी जानवी चौधरी पुत्री जीवन शरण चौधरी ने 10वीं हाई स्कूल परीक्षा में 500 में से 483 अंक प्राप्त करके 96.6 अंक प्राप्त कर बंडा तहसील की सभी हाई स्कूलों में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव हासिल किया है। वे शासकीय हाइस्कूल पजनारी बंडा की छात्रा है। इन्होंने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त किया है। इनके पिता जीवन शरण चौधरी अहिरवार महासभा सागर के सक्रिय सदस्य हैं। अहिरवार महासभा की ओर से इनको इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 152 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 22 अप्रैल दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डीरोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बीएमडी, यूरिक एसिड, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 21 अप्रैल तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में एनजीओ की जिला स्तरीय बैठक आज

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनजीओ की बैठक आज स्थान कलेक्ट्रेट सभागार जिला सागर समय सुबह 10.30 बजे आयोजित की जाएगी। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा स्वैच्छिक संगठनों (एनजीओ) के सशक्तिकरण हेतु पंख कार्यक्रम (दृष्टि योजनान्तर्गत) प्रारंभ किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिले में विभिन्न क्षेत्रों (वन, पर्यावरण, जल, उर्जा, वन, जैविक, कृषि प्राकृतिक कृषि, नशामुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, महिला एवं बाल विकास विभाग, सशक्तिकरण, स्वदेशी, सामाजिक समरसता एवं नागरिक कर्तव्य) में कार्य कर रहे उत्कृष्ट स्वैच्छिक संगठनों के कार्य एवं उनकी क्रियान्वयन की पद्धति को विस्तार प्रदान करने की दृष्टि से स्वैच्छिक संगठनों का राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण माह अप्रेल से मई में प्रस्तावित है। इस हेतु जिले में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों के कार्य संपादन हेतु जिला स्तरीय डायरेक्टरी तैयार की जा रही है।

---

**वेतन निर्धारण के प्रकरणों का सात दिवसों में निराकरण सुनिश्चित कराएं**

## पेंशन और परिवार पेंशन के प्रकरणों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित कराएं: कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग श्री अनिल सुचारी ने सेवा निवृत्त शासकीय कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश संयुक्त संचालक पेंशन को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि सागर संभाग में पेंशन प्रकरणों के निराकरण के काफी प्रकरण लंबित हैं, वहीं परिवार पेंशन के भी प्रकरण लंबित हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि पेंशन प्रकरणों और परिवार पेंशन प्रकरणों के लंबित प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराएं। कमिश्नर ने पन्ना जिले में सहायक संचालक मत्स्य उद्योग द्वारा पेंशन प्रकरण के निराकरण के मामले में सेवा निवृत्त कर्मचारी के पेंशन प्रकरण की फाइल में गलत जन्मतिथि अंकित करने के कारण पेंशन प्रकरण का निराकरण समय पर नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा सहायक संचालक पन्ना को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

कमिश्नर ने संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा को भी निर्देश दिए हैं कि वे सागर संभाग में लंबित लगभग 713 वेतन निर्धारण के प्रकरणों का 1 सप्ताह की समय अवधि में निराकरण कर इसकी सूचना उन्हें दें। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज कोष एवं लेखा, सामाजिक न्याय विभाग, उद्योग विभाग, एमपीआरडीसी के कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में पेंशन प्रकरणों के निराकरण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने संयुक्त संचालक पेंशन को निर्देश दिए कि वे ऐसे आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध कराएं, जिनके कार्यालयों में काफी लंबे समय से पेंशन प्रकरण लंबित हैं। कमिश्नर ने कहा कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण में रुचि नहीं रखने वाले आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कमिश्नर ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सागर संभाग की सभी औद्योगिक इकाइयों में जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कराने के लिए कार्य योजना बनाएं तथा वर्षा काल में वृहद स्तर पर पौधरोपण कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण इकाइयों में प्रशिक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि सागर संभाग की सभी औद्योगिक इकाइयों एवं संस्थानों में शत-प्रतिशत प्रशिक्षुओं को प्रवेश मिलना चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक योजना, कल्याणी पेंशन योजना, मुख्यमंत्री अविवाहित योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांग पेंशन योजना की भी समीक्षा की गई।

---



### सभी जोन प्रभारी स्वच्छता पंचायत आयोजित कर नागरिकों को करें जागरूक : निगमायुक्त

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, नालियों की साफ-सफाई तथा जन सहभागिता से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सिविल लाइन वार्ड में सफाई व्यवस्था में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर निगमायुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित कर्मचारी सुजीत को सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र के सफाई दरोगा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा जिम्मेदार कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त खत्री ने सभी जोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वच्छता व्यवस्थाओं की निगरानी करें तथा नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता पंचायत आयोजित की जाए, जिसमें स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों की भागीदारी हो। इन आयोजनों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई तथा नगर को सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाए। बस स्टैंड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने शराब दुकान के समीप गंदगी पाए जाने पर संबंधित दुकानदार को तत्काल निर्देश दिए कि दुकान के आसपास दोनों समय नियमित सफाई कराई जाए, ताकि यात्रियों एवं आमजन को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जिम्मेदारी है कि वे अपने परिसर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें। निरीक्षण के दौरान शहर में दीवारों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य संपत्तियों पर अवैध रूप से पोस्टर एवं पंपलेट लगाए जाने पर भी निगमायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छ सागर, सुंदर सागर और व्यवस्थित सागर बनाने में नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। नगर निगम निरंतर प्रयासरत है और जनसहभागिता से ही शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाया जा सकता है।

### चौपाल में नरवाई न जलाने का दिया गया संदेश

**सागर।** विकासखंड देवरी अंतर्गत ग्राम पंचायत जमनापुर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में उपस्थित कृषक भाइयों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित किया गया तथा नरवाई प्रबंधन से संबंधित व्यापक जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि नरवाई जलाने से भूमि की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे मिट्टी में पाए जाने वाले लाभदायक सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं, भूमि कठोर हो जाती है तथा आवश्यक पोषक तत्वों की हानि होती है, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होता है।चौपाल में कृषकों को नरवाई के वैकल्पिक उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें सलाह दी गई कि नरवाई को भूसा बनाकर पशुओं के चारे के रूप में उपयोग करें अथवा बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करें। इसके साथ ही वेस्ट डिकंपोजर के उपयोग से नरवाई को खाद में परिवर्तित करने की विधि बताई गई, जिससे मिट्टी में कार्बन एवं पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाई जा सकती है।

---

### गीतों और रोचक गतिविधियों से सिखाया पर्यावरण संरक्षण

**सागर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भारत सरकार से नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बच्चों के साथ मिलकर विशेष पर्यावरण जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित कीं। "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में बच्चों को पृथ्वी के संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान सारिका घारू ने पर्यावरण आधारित गीतों के माध्यम से हरियाली की महत्ता और पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। उन्होंने खगोलीय ज्ञान के माध्यम से बताया कि ब्रह्मांड में केवल पृथ्वी ही जीवन का आधार है और इसकी सुरक्षा हमारा नैतिक कर्तव्य है। सारिका घारू ने बच्चों को समझाया कि छोटे-छोटे बदलाव जैसे प्लास्टिक का त्याग, बिजली की बचत और पौधारोपण जलवायु परिवर्तन के संकट से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## महिला आरक्षण के नाम पर केंद्र सरकार का असंवैधानिक खेल बेनकाब, 2029 से ही लागू हो 33% आरक्षण: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संसद में मिली जीत का स्वागत करती है। मोदी सरकार ने महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के माध्यम से सत्ता पर एकाधिकार जमाने की जो साज़िश रची थी, विपक्ष की एकजुटता ने उसे विफल कर दिया है। संसद में महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयक पर हुए मतदान ने स्पष्ट कर दिया है कि देश अब विभाजनकारी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगा।

यह बात मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी ने सागर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। पत्रकार वार्ता का आयोजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय भूपेंद्र सिंह मुहासा व महेश जाटव ने संयुक्त रूप से किया। पत्रकार वार्ता का संचालन प्रदेश मीडिया विभाग के डॉ संदीप सबलोक व आभार संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी ने व्यक्त किया।

प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन से संबंधित संशोधन विधेयक पर हुए मतदान में कुल 528 मतों में से विधेयक के पक्ष में केवल 230 वोट पड़े, जबकि विरोध में 298 मत पड़े, जिसके फल स्वरूप यह असंवैधानिक संशोधन गिर गया है।

उन्होंने कहा कि इस घटना से देश की लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के मामले में भाजपा का महिला विरोधी चरित्र एक बार फिर सामने आ गया है। भाजपा सरकार की 'महिला विरोधी' नीतियों के चलते आरक्षण के नाम पर देश की आधी आबादी को 'संवैधानिक धोखे' में रखा जा रहा है। भाजपा के लिए नारी सम्मान केवल एक चुनावी इवेंट है, जबकि हकीकत में उनका हाथ हमेशा 'शोषकों' के साथ रहा है। भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान केवल विज्ञापनों तक सीमित है, जबकि धरातल पर सत्ता के संरक्षण में महिलाओं की अस्मत को रौंदा जा रहा है। रेखा चौधरी ने सीधा आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने जानबूझकर महिला आरक्षण को 'परिसीमन' और 'जनगणना' की उलझनो में फंसाया है। सरकार की मंशा महिलाओं को अधिकार देना नहीं, बल्कि परिसीमन के बहाने बिना जातिगत जनगणना के मनमाने तरीके से चुनावी गणित को अपने पक्ष में मोड़ना था। सरकार ने महिला आरक्षण और परिसीमन को एक साथ मिलाकर संविधान के ढांचे को बदलने और सारी पावर अपने हाथ में लेने का प्रयास किया। यह सीधे तौर पर लोकतंत्र और देश की अखंडता पर हमला था।

### अब हर समस्या के लिए कलेक्टर ऑफिस आने की जरूरत नहीं, आपकी तहसील में ही मिलेगा समाधान



**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सागर के नागरिकों के हित में संवेदनीशील निर्देश दिया है। अक्सर देखा जाता है कि लोग छोटी-छोटी समस्याओं के लिए दूर-दराज के गांवों से जिला मुख्यालय तक का सफर तय करते हैं, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। इसे खत्म करने के लिए अब तहसील स्तरीय जनसुनवाई को और अधिक सुलभ और सुविधापूर्ण बनाया गया है। आमजन की सुविधा के लिए प्रशासन के खास इंतजाम हैं। निःशुल्क टाइपिंग सेवा के अंतर्गत आपको आवेदन लिखवाने या टाइप करवाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। तहसील कार्यालय में ही आपके आवेदन मुफ्त में टाइप कर दिए जाएंगे। चिलचिलाती धूप को देखते हुए हर जनसुनवाई स्थल पर ठंडा पानी, पर्याप्त छाया और आरामदायक बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदारों को सख्त निर्देश हैं कि स्थानीय स्तर की समस्याओं को वहीं के वहीं सुलझाया जाए। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि हमारा उद्देश्य है कि आपको अपने हक के लिए भटकना न पड़े। जब आपकी समस्या का समाधान आपकी अपनी तहसील में ही संभव है, तो धूप और दूरी की परेशानी क्यों उठाना? अपनी स्थानीय शिकायतों के साथ बेझिझक तहसील जनसुनवाई में आएं, हम आपकी सेवा के लिए तत्पर हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि केवल वही मामले जिला मुख्यालय भेजे जाएं जो कानूनी या तकनीकी रूप से तहसील स्तर पर संभव न हों। प्रशासन की प्राथमिकता 'त्वरित न्याय और स्थानीय समाधान' है।

### जनसुनवाई में हुई 237 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 237 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कलेक्टर प्रतिभा पाल, जिला पंचायत सीईओ , डिप्टी कलेक्टर डेहरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

---

**सामूहिक विवाह सम्मेलन में 49 विवाह और एक निकाह संपन्न हुआ**

## विवाह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में समरसता सादगी और बेटियों के सम्मान का सशक्त संदेश है: अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र खुरई के मॉडल स्कूल में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 49 विवाह एवं एक निकाह संपन्न हुआ। 49 जोड़े दूल्हा-दुल्हन विवाह मंडप में एक साथ बैठे। मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न हो गए। पैर पखराई सहित अन्य रस्में भी परिजन द्वारा की। विवाह मंडप में पांच दूल्हे ऐसे नजर आए जिन्होंने न हल्दी लगाई थी, न ही हाथों में मेहंदी लगी थी। विवाह के दौरान जोड़ां की गतिविधियां लोगों को ध्यान आकर्षित करती रहीं। जनपद पंचायत मालथौन के पलौआ की दुल्हन सुगंधनी राय को दूल्हे अंकित का इंतजार करना पड़ा, वह सांप के काट लेने से अस्पताल में भर्ती था। शाम को वह सादे वेशभूषा में अस्पताल से सीधे पहुंचा और विवाह कराया। नेता अविराज सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में समरसता, सादगी और बेटियों के सम्मान का सशक्त संदेश है। सनातन परंपरा में कन्या को साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप माना है और उसका सम्मान तथा सुयोग्य वर को समर्पण किसी यज्ञ की पूर्णाहुति के समान पुण्यदायी होता है। अक्षय तृतीया जैसे पावन अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम समाज को एक नई दिशा देने वाला है, जिसमें शासन और समाज मिलकर बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।

उन्होंने अक्षय तृतीया का दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अक्षय का अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो। उन्होंने कहा कि कन्यादान केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि माता-पिता के त्याग, संस्कार और भावनाओं की पराकाष्ठा है। एक शिक्षित और संस्कारी बेटी दो परिवारों के भविष्य को उज्ज्वल बनाती है। अपनी बेटी की शादी में अनावश्यक खर्च करने के बजाय उसके भविष्य के लिए धन सुरक्षित रखना अधिक उचित है और सामूहिक विवाह सम्मेलन इसी विवेकपूर्ण सोच का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान अविराज ने परंपरा अनुसार वर-वधुओं के पैर पखारे तथा डोली उठाकर सामाजिक सहभागिता और सम्मान का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी मां सरोज सिंह भी मौके पर मौजूद रहीं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष खुरई राहुल चौधरी, मंडल अध्यक्ष धनौरा राजपाल सिंह, देशराज यादव, अजीत सिंह, बलराम यादव, इंद्राराज सिंह ठाकुर, नीतिराज पटेल, एसडीएम मनोज चौरसिया, सीएमओ राजेश मेहतेले, सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### उत्तराधिकार में मिली जमीन पर कब्जे का विवाद, न्यायालय से हार के बाद भी नहीं हट रहा कथित कब्जा


# तहसील बाबू पर जमीन हथियाने का आरोप, महिला भटक रही दर-दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

तहसील अंतर्गत ग्राम रानीपुरा से एक मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू बलिराम अहिरवार व इनके परिजनों पर बंटबारे में मिली जमीन को बल और हिंसा के आधार पर अवैध रूप से हथियाने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला राजकुमारी अहिरवार ने जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में न्याय की गुहार लगाई है और अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

पीड़िता राजकुमारी ने बताया कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा जिलेभर में राजस्व शिविर लगाकर व भ्रमण करके राजस्व मामलों का निपटारा किया जा रहा है। इसलिए राजस्व मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दे रहे कलेक्टर श्रोत्रिय से पीड़िता राजकुमारी ने मांग की है कि यह राजस्व मामला भी निपटाते हुए उसकी जमीन से बलिराम सहित अन्य लोगों का अवैध कब्जा हटवाया जाए, आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए और उसे सुरक्षा प्रदान की जाए।




कार्यालय कलेक्टर
** जन आवेदन **
आपकी शिकायत दर्ज कर ली गयी हैं जिसका विवरण नीचे दिया गया हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Computer Code | 668722/ | | |
| Date | 21/04/2026 | Print Date time 21/04/2026 12:36 | |
| | | Receipt No | |
| Applicant Name | रामकुमारी अहिरवार | | |
| Applicant Address | रानीपुरा तह टीकमगढ | | |
| Subject | आवेदिका की भूमि पर से अवैध एंव वल हिंसा के आधार पर किये गये कब्जे को हटवाया जाकर अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द कानूनी कार्यवाही किये जाने वावत एंव आवेदिका की जानमाल की सुरक्षा कराये जाने वावत। | | |
| Marked Office | सतेन्द्र सिंह गुर्जर - TEHSILDAR TIKAMGARH | | |
| Details | आवेदिका की भूमि पर से अवैध एंव वल हिंसा के आधार पर किये गये कब्जे को हटवाया जाकर अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द कानूनी कार्यवाही किये जाने वावत एंव आवेदिका की जानमाल की सुरक्षा कराये जाने वावत। | | |

### शासकीय पद का दुरुपयोग व धमकी, प्रताड़ना का आरोप

पीड़िता राजकुमारी ने आरोप लगाया है कि उक्त जमीन पर जाने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है। साथ ही झूठे मामलों में फंसाने की बात कहकर लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। बलिराम अहिरवार टीकमगढ़ तहसील कार्यालय में लम्बे समय से पदस्थ है। जिसका अनुचित लाभ उठाने और उनके शासकीय व राजनीतिक जुड़ाव के चलते पीड़िता राजकुमारी ने निष्पक्ष कार्रवाई में बाधा की आशंका जताई है।

### इकलौती पुत्री को मिली जमीन को रसूख के चलते हड़पा

जनसुनवाई में दिए गए आवेदन के अनुसार राजकुमारी अहिरवार को अपने पिता पिल्लू अहिरवार की मृत्यु के बाद भूमि खसरा नंबर 110/2/1 रकवा 0.800 हेक्टेयर स्थित ग्राम रानीपुरा एवं भूमि खसरा नंबर 687, 689, 690, 691 कुल रकवा 1.840 हेक्टेयर का 1/2 हिस्सा अर्थात 0.920 हेक्टेयर स्थित ग्राम रानीपुरा तहसील टीकमगढ़ की भूमि राजकुमारी को इकलौती पुत्री होने की वजह से उसे उत्तराधिकार के आधार पर अपने पिता पिल्लू अहिरवार से प्राप्त हुई थी। लेकिन आरोप है कि परिवार के ही प्रभावशाली सदस्यों गोरेलाल अहिरवार और उनके पुत्रों बलिराम अहिरवार, रमेश व संतोष अहिरवार ने इस भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि बलीराम अहिरवार, जो वर्तमान में तहसील कार्यालय टीकमगढ़ में लिपिक पद पर पदस्थ है, अपने पद और प्रभाव का दुरुपयोग कर रहा है।

### हाईकोर्ट से अपील खारिज होने के बाद भी जमीन पर कब्जे का आरोप

पीड़िता राजकुमारी के अनुसार, उसे पिता की मृत्यु के बाद वैधानिक रूप से जमीन प्राप्त हुई थी। इसके बावजूद आरोपियों ने उक्त जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया और उसे खेत में जाने से भी रोका जा रहा है। पीड़ित राजकुमारी के अनुसार उक्त मामले में आरोपियों द्वारा दायर किए गए वाद और अपीलें न्यायालय द्वारा खारिज की जा चुकी हैं। यहां तक कि उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर द्वितीय अपील भी निरस्त हो चुकी है। इसके बावजूद कथित कब्जा नहीं हटाया गया।

**प्रशासन की भूमिका पर सवाल:** उक्त मामला बिगत कई वर्षों से चल रहा है लेकिन बलिराम अहिरवार के प्रशासनिक रसूख के चलते आज दिनांक तक पीड़िता राजकुमारी अहिरवार को न्याय नहीं मिल पाया। उक्त मामला आज पुनः सामने आने के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब देखना होगा कि पीड़ित महिला को न्याय कब तक मिल पाता है और क्या बलिराम अहिरवार जैसे रसूखदार लोगों पर कार्रवाई हो पाती है या नहीं।

### इनका कहना है

तहसील कार्यालय में पदस्थ बलिराम अहिरवार और इनके परिजन मेरी जमीन पर कब्जा किए बैठे हैं। और इनके द्वारा इस जमीन से संबंधित हाईकोर्ट या अन्य न्यायालयो में लगाई गई सभी अपीलें खारिज हो चुकी हैं। ये लोग हाईकोर्ट का नाम लेकर प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं।

**राजकुमारी अहिरवार**, पीड़ित पक्ष

जिस जमीन की बात राजकुमारी कर रही है वो हमारी पैतृक जमीन है और इसका मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

**बलिराम अहिरवार**, बाबू तहसील टीकमगढ़

### युवक गंभीर घायल, दिगौड़ा के लुहरगुवां गांव में सुबह की घटना

# कंधे पर हाथ रखने से रोका तो चला दी गोली, बारात में खूनी संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कंधे पर हाथ न रखने की बात एक युवक को इतनी नागवार गुजरी कि उसने आव देखा न ताव और सीधे कट्टे से फायर कर दिया। जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुहरगुवां में मंगलवार सुबह एक बारात के दौरान मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया और मामला जानलेवा हमले तक पहुंच गया।

उक्त घटना में एक युवक ने कट्टे से गोली चला दी, जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दिगौड़ा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम लुहरगुवां के मड़ैया खिरक में सोमवार रात पलेरा थाना क्षेत्र के ग्राम कछौरा से बारात आई हुई थी। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे बारात में शामिल सूरज अहिरवार निवासी ग्राम देरी, थाना कुड़ीला अपने दोस्तों के साथ बैठा था। इसी दौरान बारात में आए दीपक अहिरवार निवासी कछौरा ने उसके कंधे पर हाथ रखा, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपी दीपक ने कट्टा निकालकर सूरज पर तान दिया तथा जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गोली सूरज के गाल को चीरते हुए निकल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दिगौड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल 112 वाहन के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। दिगौड़ा पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी दीपक अहिरवार के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने शादी जैसे खुशियों के माहौल को दहशत में बदल दिया और क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।

### युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने और घर से जेवर व नकदी ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निकटवर्ती ग्राम निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी 27 अप्रैल को जालौन में तय थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। 17 अप्रैल को वह अपनी पत्नी के साथ खरीदारी के लिए ललितपुर गया हुआ था, जबकि घर पर उसकी पुत्री अकेली थी।

# भीषण गर्मी में आग का गोला बन रहे ट्रांसफार्मर बार-बार बिजली गुल



### 41.5 डिग्री तापमान के बीच बढ़ती मांग के चलते पुराने बदलकर लग रहे नए ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में लगातार बढ़ती भीषण गर्मी अब बिजली व्यवस्था पर भारी पड़ने लगी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसके चलते बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोड की स्थिति बन गई। इसी के चलते सेलसागर चौराहा स्थित एक ट्रांसफार्मर अचानक आग का गोला बन गया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया।

ट्रांसफार्मर में आग लगने की इस घटना के कारण कोतवाली रोड, पुराना बस स्टैंड, सेलसागर और मिश्रा तिराहा सहित कई इलाकों में करीब एक घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। गर्मी के बीच बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री दर्ज किया गया था, जो मंगलवार को बढ़कर 41.5 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक तापमान 41 से 42 डिग्री के बीच रहने की संभावना जताई है, जबकि शुक्रवार तक यह 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। उधर, शहर के पुरानी टेहरी उपकेंद्र अंतर्गत 11 केवी बस स्टैंड फीडर में ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य भी किया गया, जिसके चलते इंदिरा कॉलोनी, गोल क्वार्टर, ईदगाह मार्केट और पुलिस लाइन सहित कई क्षेत्रों में करीब आधे घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि बढ़ती मांग को देखते हुए पुराने ट्रांसफार्मरों को बदलकर नए लगाए जा रहे हैं, ताकि ओवरलोड की समस्या कम हो और ट्रांसफार्मर जलने जैसी घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। भीषण गर्मी के इस दौर में ट्रांसफार्मरों के आग का गोला बनने की घटनाएं बढ़ने से शहरवासियों में चिंता बढ़ती जा रही है।

### एसपी की पहल संवाद से समाधान के चलते शिकायतों में 36 प्रतिशत की कमी

# संवाद व विश्वास से ही मजबूत समाज का निर्माण संभव : मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में पुलिस और आमजन के बीच भरोसे की नई इबारत लिखी जा रही है। जिला पुलिस द्वारा संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम अब केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी व्यवस्था की मजबूत कड़ी बनता जा रहा है। इस पहल ने न केवल लोगों की समस्याओं को सीधे मंच प्रदान किया है, बल्कि पुलिस के प्रति विश्वास को भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है। इस अभिनव पहल का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई कर रहे हैं, जो संवाद आधारित पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए आम नागरिकों से सीधा जुड़ाव स्थापित कर रहे हैं। उनकी कार्यशैली ने पुलिसिंग को संवेदनशीलता और जवाबदेही के नए आयाम दिए हैं।

मंगलवार को जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में एसपी मंडलोई ने स्वयं उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों को अपनी बात खुलकर रखने का अवसर मिला, जिससे कार्यक्रम में विश्वास और पारदर्शिता का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में निष्पक्ष और समयबद्ध जांच के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता में रखकर संवेदनशीलता के साथ समाधान की पहल की गई।

इस व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए जनसुनवाई को थाना और चौकी स्तर तक विस्तारित किया गया है, जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही राहत मिल रही है और अनावश्यक दौड़भाग से बचाव हो रहा है। इस पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। आंकड़ों के अनुसार जिले में शिकायतों में लगभग 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जो पुलिस की सक्रियता और प्रभावशीलता का प्रमाण है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई का मानना है कि संवाद और विश्वास से ही मजबूत समाज का निर्माण संभव है। उनका कहना है कि हर नागरिक को समय पर न्याय और सुरक्षा का भरोसा दिलाना ही पुलिस का मुख्य उद्देश्य है। अधिकारियो का मानना है कि जिला पुलिस की यह पहल अब एक मॉडल के रूप में उभर रही है, जिसमें संवाद, विश्वास और जवाबदेही को जनसुरक्षा का आधार बनाया गया है। संवेदनशील पुलिसिंग की इस दिशा में उठाया गया कदम निश्चित रूप से जिले को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण की ओर अग्रसर कर रहा है।

# खेतों की नरवाई में लगी आग से मचा हड़कंप फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से पाया काबू



**टीकमगढ़।** जिले के कस्बा दिगौड़ा में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एचपी पेट्रोल पंप के समीप स्थित खेतों की नरवाई में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग की लपटें तेजी से फैलती देख ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया, क्योंकि एक ओर पेट्रोल पंप स्थित था और दूसरी ओर भीषण गर्मी के चलते बड़े अग्निकांड की आशंका गहराने लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। उक्त सूचना पर दिगौड़ा पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी और स्थानीय किसानों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिशें तेज कर दीं। कुछ ही देर में लिधौरा और कारी नगर परिषद की फायर ब्रिगेड मशीनें मौके पर पहुंचीं और संयुक्त प्रयास से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझ जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के अनुसार, इस घटना में खेतों की नरवाई जलकर राख हो गई, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। मौके पर थाना दिगौड़ा से प्रधान आरक्षक आनंद सुडेले, विकास रजक, आरक्षक नीलू राजपूत, पायलट राजीव संझा, एनआरएस देशराज और कपिल सहित पुलिस बल मौजूद रहा। तेज गर्मी के बीच लगी इस आग ने एक बार फिर खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं और उससे होने वाले खतरों को उजागर कर दिया है, जो कि कभी भी बड़े भीषण हादसे का सबब बन सकते हैं।

## भारतीय किसान संघ की बैठक में बनी रणनीति



**टीकमगढ़।** भारतीय किसान संघ टीकमगढ़ की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी कुंवरपुरा रोड स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर आगामी रणनीति तैयार की गई। बैठक में ग्राम समितियों की सूची मोबाइल नंबर सहित प्रस्तुत करने का मुद्दा उठाया गया, जिस पर दिगौड़ा-मोहनगढ़ तहसील अध्यक्ष फूल सिंह घोष द्वारा सूची प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही गेहूं समर्पण की आगामी योजना और गेहूं खरीदी व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन को मजबूत और विस्तार देने के उद्देश्य से गांव-गांव जाकर जैविक खेती पर संगोष्ठियां आयोजित करने, किसानों को जागरूक करने तथा समय-समय पर ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन और आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने पर सहमति बनी। साथ ही मातृशक्ति को अधिक से अधिक संगठन से जोड़ने की योजना भी बनाई गई। जिला मंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव ने उपस्थित पदाधिकारियों से गेहूं समर्पण की कार्ययोजना और लक्ष्य निर्धारित कराए। बैठक के दौरान पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला को टीकमगढ़ व बड़ागांव धसान तहसील उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक के बाद सभी पदाधिकारी कृषि उपज मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां एक किसान के सोयाबीन की बोली नहीं लगने की समस्या सामने आई। इस पर मंडी प्रबंधक राहुल तिवारी और मंडी सचिव बिलियम जार्ज से चर्चा कर तत्काल बोली लगवाई गई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भागवत सिंह सोलंकी, जैविक खेती प्रमुख संतोष राजपूत, कार्यकारिणी सदस्य राघवेन्द्र सिंह घोष, रामकिशन पाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

## मुस्कान अभियान में बड़ी सफलता उज्जैन से मिली नाबालिग बालिका



**टीकमगढ़।** प्रदेश स्तरीय मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा नाबालिगों की तलाश और सुरक्षित वापसी के लिए टीकमगढ़ पुलिस लगातार संवेदनशील और प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में एक सफलता हासिल करते हुए थाना देहात पुलिस ने उज्जैन से एक गुम नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गुमशुदा बच्चों की शीघ्र खोज के लिए विशेष रणनीति पर काम किया जा रहा है। मुखबिर तंत्र और साइबर सेल के समन्वित प्रयासों से मामलों में तेजी से प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। प्रकरण में थाना देहात में दर्ज मामले के तहत पुलिस टीम ने गंभीरता से जांच शुरू की। तकनीकी सहायता और लगातार प्रयासों के आधार पर संभावित स्थानों पर दबिश दी गई, जिसके परिणामस्वरूप बालिका को उज्जैन से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी चन्द्रजीत यादव, उपनिरीक्षक मयंक नगाइच, प्रधान आरक्षक अभय मिश्रा, रहमान खान, आरक्षक मनोज नायक, अरवाज अली तथा महिला आरक्षक सोनाली नायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीकमगढ़ पुलिस के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक 40 से अधिक गुम नाबालिगों को सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों से मिलाया जा चुका है, जो मुस्कान अभियान की सफलता और पुलिस की सक्रियता को दर्शाता है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि सतर्कता, समन्वय और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए हर बच्चे को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। अधिकारियो ने बताया कि पुलिस की यह पहल न केवल गुमशुदा बच्चों के परिवारों के लिए राहत लेकर आ रही है, बल्कि समाज में सुरक्षा और भरोसे की भावना को भी मजबूत कर रही है।

### कलेक्टर व एसपी पहुंचे घायलों का हालचाल जानने, इलाज जारी

# हादसा: महाकाल यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी, 11 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





मंगलवार सुबह जिले में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब इंदौर से टीकमगढ़ आ रही एक यात्री बस सागर रोड पर स्थित गौंगाबेर हनुमान मंदिर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा सुबह उस वक्त हुआ ज़ब बस टीकमगढ़ आ रही थी। हादसे में 11 यात्री घायल हो गए, जिनमें कुछ को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उक्त सूचना मिलते ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय व पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई पहुंचे और उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और परिजनों से मुलाकात कर हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह करीब 8 बजे क्रॉसिंग के दौरान हुई, जब बस अचानक संतुलन खो बैठी और सड़क किनारे पलट गई। हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र में हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए। मौके पर तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर, एसडीओपी राहुल कटारे, थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस के अनुसार, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर बस के अनियंत्रित होने को हादसे की वजह माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण ड्राइवर से पूछताछ के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। अस्पताल में घायल यात्रियों का इलाज कर रहे चिकित्सको ने बताया कि कुछ यात्रियों को सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य को सामान्य चोटें लगी हैं। सभी घायलों का इलाज जारी है और प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। समय रहते राहत कार्य होने से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**हादसे की सूचना मिलते ही सक्रिय हुआ पुलिस कंट्रोल रूम:** बस हादसे की उक्त घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम सक्रिय हुआ और पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए। उनके निर्देशन में एफआरवी और कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तेजी से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और सभी को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। समय रहते राहत कार्य होने से एक बड़ी जनहानि टल गई। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक स्वयं जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने पीड़ितों को धैर्य बंधाया और भरोसा दिलाया कि पुलिस एवं प्रशासन हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। साथ ही उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घायलों का समुचित एवं बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर रखी जा रही है। हादसे के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

पुलिस की जांच में हुआ खुलासा, मामला सिलपुरी में डीजे पर नाचने की बात पर हुए विवाद का

# लाठी डंडों से पीटकर हुई राकेश की मौत दूल्हे के पिता समेत 6 पर हत्या का केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र के ग्राम सिलपुरी की आदिवासी बस्ती में दो दिन पहले डीजे पर नाचने की बात पर हुए विवाद के बाद हुई राकेश जाट की मौत के मामले में पुलिस ने 6 लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। राकेश की मौत के मामले की जांच कर रही कराहल थाना पुलिस की जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि राकेश को करंट लगने से पहले और बाद में लाठी डंडो से बुरी तरह पीटा गया। जिसकारण उसकी मौत हो गई। जांच के बाद कराहल थाना पुलिस ने जिन 6 लोगों के खिलाफ हत्या का केस किया है,उनमें दूल्हे का पिता सुल्तान आदिवासी भी शामिल है।

यहां बता दें कि सिलपुरी निवासी सुल्तान आदिवासी के घर में 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर उसके बेटे की शादी थी। शादी समारोह के दौरान उसके यहां शनिवार की रात को शिवपुरी जिले के पोहरी थाना क्षेत्र के मढखेडा गांव से भात आया था। जब भात का कार्यक्रम चल रहा था, तभी डीजे पर नाचने की बात को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद डीजे पर नाच रहे लोगों को यहां पहुंचे इसी गांव के राकेश जाट से हुआ। विवाद इतना बढ गया कि इनके बीच मारपीट हो गई। आदिवासियों ने इस मामले की कराहल थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में यह बात बताई है कि राकेश के द्वारा पहले मारपीट की गई। जिसके चलते डीजे पर नाच रहे कुछ लोग जख्मी हो गए। जिसके बाद आदिवासी लोगों के द्वारा भी राकेश की मारपीट कर दी। मारपीट से डरकर भागा राकेश जाट इसी बस्ती में मौजूद एक बिजली के पोल पर चढ गया, जहां उसे करंट लग गया और फिर बाद में उसकी मौत भी हो गई। मृतक के परिजनों ने साफ शब्दों में आरोप लगाते हुए कराहल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आदिवासी लोगों ने घेरकर राकेश की लाठी डंडो से पीट पीट कर हत्या कर दी। जिसके बाद कराहल थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। उधर आदिवासी लोगों की रिपोर्ट पर पुलिस मृतक राकेश के खिलाफ पहले ही मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चुकी है।



**पुलिस ने दूल्हे के पिता और मामा पक्ष के 5 लोगों पर दर्ज किया केस**

कराहल थाना पुलिस ने राकेश जाट की मौत के मामले में जांच के बाद दूल्हे के पिता सुल्तान आदिवासी निवासी सिलपुरी तथा मढखेडा से भात देने आए मामा पक्ष के पांच लोगो मान सिंह आदिवासी, दीपक आदिवासी, कप्तान आदिवासी तथा उसमन आदिवासी निवासी मढखेडा थाना पोहरी जिला शिवपुरी को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। इसके साथही सभी आरोपियों के अरेस्ट करके कोर्ट में पेश भी कर दिया है। जहां से उन्हें जेल भेजने की जानकारी मिली है।

**पीएम रिपोर्ट में सिर में चोट और करंट से मौत होने की बात सामने आई**

कराहल थाना पुलिस ने मृतक राकेश जाट का पीएम कराहल अस्पताल में कराया गया। पुलिस को शॉर्टपीएम रिपोर्ट मिल गई है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के दौरान यह बात सामने आई कि राकेश की मौत सिर में चोट और करंट लगने की वजह से हुई है। कराहल टीआई यास्मीन खान ने बताया कि शार्टपीएम रिपोर्ट मिलने के बाद जब मामले की जांच की कार्रवाई को आगे बढाया तो उसमें इस बात का खुलासा हुआ कि राकेश को लाठी डंडो से पीटा गया। जिसकारण जख्मी हुआ राकेश बचने के लिए बिजली के खंभे पर चढ गया तो उसे वहां करंट लग गया और वह नीचे गिर गया, नीचे गिरने के बाद भी उसे लाठी डंडो से पीटा गया।

**इनका कहना...**

जांच के दौरान राकेश की मौत लाठी डंडो से पीटने के कारण होने की बात सामने आई। इसलिए छह आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उन्हें अरेस्ट भी कर लिया गया है।

**यास्मीन खान**
**टीआई, कराहल**

मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजिस्ट के जिला अस्पताल में नहीं पहुंचने से बनी स्थिति

# जिला अस्पताल में नहीं हुई जनरल मरीजों की सोनोग्राफी जांच, बिना जांच के लौटे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

श्योपुर के सबसे बडे अस्पताल, जिला अस्पताल में अब जनरल मरीजों की सोनोग्राफी जांच होना बंद हो गई है। मंगलवार को सोनोग्राफी जांच कराने के लिए जो जनरल मरीज जिला अस्पताल पहुंचे थे,उनकी सोनोग्राफी जांच जिला अस्पताल में नहीं हो सकी और उन्हें बिना जांच के ही परेशान होकर वापस लौटना पडा। जिला अस्पताल में अचानक बनी यह स्थिति जिला अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डॉ बीआर बंसल के लंबी छुट्टी पर चले जाने और मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजिस्ट के जिला अस्पताल में अपनी सेवाए देने के लिए नहीं पहुंचने के कारण निर्मित हुई है।

मेडिकल कॉलेज श्योपुर में पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट जिला अस्पताल में अपनी सेवाए देने के लिए क्यों नहीं पहुंचे,इसका कारण तो फिलहाल पता नहीं है,लेकिन उनके नहीं पहुंचने से जिला अस्पताल में अभी तक सभी मरीजो को मिल रहा सोनोग्राफी जांच की सुविधा का लाभ अब मिलना पूरी तरह बंद होना तय दिख रहा है। वहीं




अति गंभीर गर्भवती महिला की सोनोग्राफी जांच भी जिला अस्पताल में होना मुश्किल दिख रही है।

क्योंकि जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जांच करने के लिए कोई रेडियोलॉजिस्ट ही नहीं है। बता दें कि जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में पदस्थ एक मात्र डॉक्टर बीआर बंसल एक महीने की लंबी छुट्टी पर चले गए है। वहीं 31 मई 2026 को वे सेवानिवृत्त भी होने जा रहे है। इसलिए अब उनका जिला अस्पताल में लौटकर पहले की भांति अपनी सेवाए मरीजों को देना मुश्किल ही लग रहा है। जिसकारण जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जांच करने के लिए रेडियोलॉजिस्ट की परमानेंट समस्या खडी होती दिख रही है। हालांकि इस समस्या को लेकर परेशान दिख रहे अस्पताल प्रबंधन के द्वारा मेडिकल कॉलेज श्योपुर के डीन को पत्र लिखकर उनके यहां रेडियोलॉजिस्ट के रूप में डॉ संजीव कुमार शर्मा की सेवाए जिला अस्पताल में दिलवाए जाने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया। लेकिन अस्पताल प्रबंधन के इस अनुरोध के बाद भी मेडिकल कॉलेज में खाली बैठे रेडियोलॉजिस्ट ने जिला अस्पताल में आकर अपनी सेवाए मरीजो को देना फिलहाल मुनासिब नहीं समझा है। जिसकारण सोनोग्राफी जांच कराने की उम्मीद लेकर जिला अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजो का बिना जांच के ही लौटना तय हो गया है।

**इनका कहना..**

जिला अस्पताल में फिलहाल कोई रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजिस्ट अनुरोध किए जाने के बाद भी अपनी सेवाए देने के लिए नहीं आए है। इसलिए जनरल मरीजों की सोनोग्राफी जांच की सुविधा बंद करनी पडी । मेटरनिटी वार्ड के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों के जरिए ही गर्भवती महिलाओ की इमरजेंसी सोनोग्राफी जांच करवा रहे है।

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन,श्योपुर**

# कराहल में महिला सभा और रैली आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत चयनित महिला हितैषी ग्राम पंचायत कराहल में महिला सभा एवं रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ सुषमा सोनी, एनआरएलएम से सोनिया परिहार आदि उपस्थित रहीं। रैली का आयोजन जनपद पंचायत कराहल से किया गया और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

# कलेक्टर ने देखी विजयपुर अस्पताल की व्यवस्थाएं नवीन सिविल अस्पताल भवन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जनसुनवाई करने विजयपुर पहुंची नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा ने लोगों की समस्याए सुनने के बाद जहां विजयपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाएं देखी। वहीं इकलौद रोड पर बन रहे नवीन अस्पताल भवन का निर्माण कार्य का भी मौके पर पहुंचकर जायजा लिया।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर का भ्रमण करते हुए इमरजेंसी कक्ष, जनरल वार्ड, मैटरनिटी वॉर्ड सहित उमंग हेल्थ सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती रोगी महिला माया पत्नी जितेन्द्र जाटव निवासी कारीपुरा से चर्चा कर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली गई। उन्होंने एनआरसी के भ्रमण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनआरसी में लाए जाने वाले बच्चों को प्रोटोकाल अनुसार पूरे समय तक देखभाल के लिए रखा जाए। इसके बाद कलेक्टर ने लाडपुरा-इकलौद रोड पर 24 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। कलेक्टर शीला दाहिमा ने निर्माणाधीन अस्पताल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए, जिससे नवीन भवन में अस्पताल का संचालन जल्द से जल्द किया जा सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम अभिषेक मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।





**सांदीपनी स्कूल के भवन निर्माण का जायजा**

कलेक्टर शीला दाहिमा ने विजयपुर मुख्यालय पर निर्माणाधीन सांदीपनी स्कूल के कार्य का जायजा लिया तथा निर्धारित ड्राइंग, डाइज अनुसार गुणवत्तापूर्वक कार्य पूर्ण करने के निर्देश पीआईयू के अधिकारियों को दिए गए। उल्लेखनीय है कि सांदीपनी स्कूल के लिए अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है।

# मातृशक्ति का आक्रोश प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" का कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा विरोध करना महिलाओं के अधिकारों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है। इसी मामले को लेकर आक्रोशित समाज द्वारा श्योपुर में मातृशक्ति का विशाल आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। बताया गया है कि यह आक्रोश प्रदर्शन 22 अप्रैल को सायं 4:30 बजे श्री राम धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।जिसमें मातृ शक्ति से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करने का आग्रह किया गया है।

# तहसील का निरीक्षण, कर्मचारियों को समय पर पहुंचने की हिदायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा मंगलवार को वीरपुर तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एडीएम रूपेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे। कलेक्टर शीला दाहिमा ने तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि तहसील में पदस्थ सभी कर्मचारी समय पर दफ्तर पहुंचे, इसके साथ ही उन्होंने तहसील कार्यालय की साफ सफाई नियमित रूप से कराए जाने के निर्देश भी दिए।

# सरपंच प्रतिनिधी ने दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री को बताई अतिक्रमण की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत जावदेश्वर के सरपंच प्रतिनिधी गिर्राज मीणा ने नई दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर सरकारी जगह पर अतिक्रमण किए जाने की समस्या अवगत कराई। सरपंच प्रतिनिधी मीणा ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत जावदेश्वर में जो सरकारी रास्ता रेंजी के माड की ओर जाता है?उस सरकारी रास्ते पर गांव के प्रभावशाली लोगो के द्वारा अतिक्रमण करके उसे सकरा कर दिया है।

पहले इस रास्ते से ट्रैक्टर ट्रॉली बडी आसानी से निकल जाते थे, आज स्थिति यहां पैदल निकलना भी मुश्किल भरा साबित हो रहा है। वहीं ग्राम पंचायत भवन परिसर के आसपास भी अतिक्रमण का जोर बना हुआ है।



लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। जिससे विकास की गतिविधिया प्रभावित हो रही है। इस मामले में केन्द्रीय मंत्री ने इस संबंध में कार्रवाई किए जाने के निर्देश अधिकारियो को दिए है।

जनसुनवाई में मौके पर ही दिव्यांग पेंशन स्वीकृत,.12 हितग्राहियो को मिलेगा पीएम आवास

# नवागत कलेक्टर ने की विजयपुर में पहली जनसुनवाई अफसरों से कहा-आवेदनों का निराकरण तत्परता से करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा ने मंगलवार को जनसुनवाई के माध्यम से लोगो की समस्याएं सुनने की शुरूआत 150 किलोमीटर दूर विजयपुर पहुंचकर की। जनसुनवाई के दौरान नवागत कलेक्टर ने वहां मौजूद अफसरों से साफ शब्दो में कहा कि सभी अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण तत्परता पूर्वक करें, लोग बड़ी उम्मीद के साथ जनसुनवाई में आते हैं, उन्हें शासन की मंशानुरूप न केवल योजनाओं का लाभ दिया जाए, बल्कि उनकी समस्याओं का सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण की साप्ताहिक रूप से समीक्षा की जाएगी। जनपद विजयपुर के सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कई आवेदन मौके पर ही निराकृत किए गए।

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम सुनवई निवासी दिव्यांग बालक गोलू गौर की दिव्यांग पेंशन मौके पर ही स्वीकृत की गई, सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से स्वीकृत पेंशन के उपरांत गोलू गौर पुत्र राधेश्याम गौर को 600 रूपये मासिक पेंशन उपलब्ध होगी। इसके साथही कलेक्टर ने पीएम आवास योजना में लाभ दिए जाने संबंधी आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया और आवास की मांग लेकर पहुंचीं ग्राम लाडपुरा निवासी दिव्यांग महिला लक्ष्मी पति होरी लाल जाटव को अवगत कराया गया कि आवास सर्वे 2.0. पोर्टल पर नाम जोड़ दिया गया है। इसी प्रकार ग्राम हरदौल का पुरा से आई महिला हितग्राही कैलाशी बाई, शन्नो बाई, संतरा आदिवासी, अनुराधा सपेरा, रेखा, रवीना, ममता, मीना, रेशमा, चमीला को भी जानकारी दी कि उनके नाम आवास सूची में जोड़ दिए गए हैं। मौके पर ही एफटीओ जारी करने के निर्देश दिए। इधर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए।




**संबल योजना में लाभ प्रदान करने के निर्देश**

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा ग्राम सारंगपुर निवासी बवन आदिवासी के आवेदन पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत लाभ दिए जाने के निर्देश दिए। आवेदक ने अपने दादाजी स्व गजा आदिवासी की सामान्य मृत्यु पर योजना के तहत लाभ दिए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था, इसके साथ ही ग्राम लाडपुरा निवासी मिथिलेश जाटव को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाए जाने के लिए प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए गए।

**जन्म प्रमाण पत्र, आधार बनाएं और पेंशन का लाभ दें**



जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा ने ग्राम हरदौलपूरा निवासी दिव्यांग बालक मेहताब आदिवासी के दिव्यांग पेंशन मामले में जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश देते हुए कहा कि दिव्यांग मामलों में अधिकारी मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि जो भी दस्तावेज की जरूरत हो तो उनके घर जा कर औपचारिकताएं पूर्ण की जाएं, दिव्यांग पेंशन के लिए जरूरी दस्तावेजों की पूर्ति करना संबंधित अधिकारियों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि 7 दिवस में सभी प्रकियाएं पूर्ण कर मानसिक दिव्यांग बालक मेहताब को पेंशन दी जाएं।

गाजेबाजे के साथ निकली कलश यात्रा, श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

# जहां होता है भागवत कथा का आयोजन वो स्थान कहलाता है तीर्थ स्थल:महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल के वनांचल क्षेत्र में स्थित नौनार धाम में मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। पूज्य नौनार सरकार महाराज के सानिध्य में आयोजित 351 गरीब कन्याओं के निःशुल्क विवाह सम्मेलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को यहां इस श्रीमद भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ है। पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। इसके बाद शुरू की गई श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पूज्य संत शिवम बापूजी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है।

कथा व्यास ने कहा कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया।



## खबर संक्षेप

### 13 साल 9 माह की किशोरी ने फांसी लगाई

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम तमाशा निवासी सादिक अली की पुत्री अल्फिया बी उम्र 13 साल 9 माह ग्राम तमाशा ने अपने ही घर में अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### शीतला माता मंदिर से दान पेटी चोरी

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत माता मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 4 के पुजरी शान्तनु पाण्डेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शीतला माता मंदिर से आरोपी रूप सिंह कुशवाह निवासी चक्क रामपुर थाना नरबर जिला शिवपुरी मंदिर में घुसकर दान पेटी चोरी कर ले गया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

### युवक मृत अवस्था में मिला, वाहन से टकराने की आशंका

**अशोकनगर।** अशोकनगर-ईसागढ रोड पर एक व्यक्ति की लाश मिली है, जिसकी सूचना बृजभान जाटव निवासी ग्राम बमनावर द्वारा पुलिस को दी गई थी। सूचना के बाद जब वह खुद मौके पर पहुंचा तो मृतक उसके चाचा के बेटे कब्बा जाटव के छोटे पुत्र रामवली जाटव का था। युवक गंभीर रूप से घायल था तथा सिर में गंभीर चोंटे आई थीं जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि उसके किसी वाहन से कुचला गया है। इस घटना के बाद वाहन चालक का पता नहीं चल सका है, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मगरदा निवासी अनीसा बानों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सलीम खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी गौरव ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गीता बाई ओझा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुसायवदा निवासी गोलू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी आशु लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राज जोशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### आईपीएल सट्टा के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी किए गिरफ्तार

**अशोकनगर।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आईपीएल सटटा के विरूद्ध लगातार मुहिम चलाई जा रही है जिसके चलते पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली, निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान के नेतृत्व मे जलसा मैरिज गार्डन के पास, मंदसौर मिल क्षेत्र में दबिश दी गई। मौके पर दो व्यक्ति ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालित करते हुए पाए गए। पुलिस को देखकर दोनों आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, किन्तु पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर आरोपी सौरभ पुत्र नीरज भार्गव, निवासी गुना (हाल निवास ओम कॉलोनी, अशोकनगर), अभिषेक पुत्र विष्णु सिंह रघुवंशी, निवासी तायडे कॉलोनी, अशोकनगर को पकडा गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए। तकनीकी जांच में पाया गया कि आरोपी सौरभ भार्गव के मोबाइल में वेबसाइट पर सट्टा आईडी सी 74184 संचालित थी, जिसे उसे गोलू धाकड़, निवासी विंध्याचल कॉलोनी गुना उपलब्ध कराया गया था। इसी प्रकार आरोपी अभिषेक रघुवंशी के मोबाइल में वेबसाइट पर सट्टा आईडी सी63707 सक्रिय पाई गई। पूछताछ में उसने बताया कि यह आईडी उसे उसके सह-आरोपी सौरभ भार्गव द्वारा दी गई थी तथा दोनों आरोपी मिलकर सट्टा लेनदेन गोलू धाकड़ के माध्यम से संचालित करते थे।

### बड़ी दुर्घटना टली, पुलिस और ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया

# सूखे कुएं में वाहन गिरा, बहू और कार में बैठे लोग बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर एक बड़ी घटना होने से बच गई, यह अच्छा हुआ कि कुए में पानी नहीं था। घटना नईसराय थाना क्षेत्र के अखाई घाट और घुरवार गांव के बीच स्थित टगर में हुई। हालांकि नईसराय पुलिस की सक्रियता से जन हानि होने से बच गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित तीन युवकों को तो निकाल लिया। लेकिन कुएं में गिरे वाहन को देर रात 12 बजे तक नहीं निकाला जा सका।

शिवपुरी के ग्राम बड़ौदी निवासी सत्येंद्र बाथम के वाहन से वीरू कुशवाह और उसका एक अन्य साथी दुल्हन को लिवाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाम लगभग 7.30 बजे अखाई घाट और घुरवार गांव के बीच स्थित एक मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर लगभग तीस फिट गहरे सूखे कुएं में गिर गया, वाहन को कुएं में गिरता देख एक राहगीर ने नईसराय पुलिस को सूचना दी। तब 112 वाहन के अलावा नईसरायं थाना प्रभारी मनीष सिंह गुर्जर ने अन्य दूसरे वाहन से पुलिस को मौके पर भेजा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को कुएं में उतारकर वाहन में बैठी महिला सहित चालक और अन्य दो युवकों को रस्सी के सहारे बाहर निकाला गया।

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बताया गया कि यदि पुलिस ने मौके पर पहुंचने में देर की होती तो वाहन के साथ कुएं में गिरे व्यक्तियों की दम घुटने से मौत भी हो सकती थी। फिलहाल महिला सहित चालक और दोनों युवकों का उपचार किया जा रहा है। रात सवा बारह बजे तक कुएं में गिरे वाहन को निकालने का प्रयास किया जा रहा था। जो सोमवार को भी प्रयास जारी रहे जिसके बाद कुए से वाहन को बाहर निकाला गया। यह कुआ मुख्य सड़क से 200 फुट अंदर की ओर है, खेत में बना हुआ कुआ है लेकिन उस पर मुडेर आदि नहीं हैं, इस तरह की घटना में यह माना जा रहा है कि वाहन संतुलन खोने से दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसके बाद वाहन में बैठे लोगों को पुलिस और ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। यह अच्छा हुआ कि कुए में पानी नहीं था, इस वाहन में एक ड्रायवर और दो अन्य लोगों के साथ एक बहू बैठी हुई थी, जैसे ही यह वाहन कुए में गिरा वैसे ही एक राहगीर ने देख लिया अगर देर रात की घटना होती तो कुछ भी हो सकता था। जिसके बाद डायल 112 को फोन लगाया गया और उन्हे बाहर निकालने का रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

## चन्देरी के प्रसिद्ध परमेश्वर तालाब में 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला



**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी के प्रसिद्ध और ऐतिजनिक परमेश्वर तालाब में दोपहर एक अज्ञात महिला का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। जिस जगह यह तालाब है उसकी के समीप भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था। जब कथा में पहुंचे लोगों ने देखा कि तालाब के पानी में कोई शव तैर रहा है, तब इसकी सूचना चंदेरी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से महिला के शव को तालाब के पानी से बाहर निकाला गया। उपस्थित लोगों की मौजूदगी में पंचनामा के बाद महिला के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है, लेकिन अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। महिला कहां कि है इसका पता नहीं चलने के कारण जिले की सभी थाने की पुलिस को सूचना भेजी गई है साथ ही पड़ौसी जिले की पुलिस को भी सूचना दी गई है ताकि उक्त महिला की पहचान हो सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों वा खुलासा हो सकेगा,मामले की गहनता से जांच जारी है।

### गर्ल्स कॉलेज में पोषण पखवाड़ा एवं नारी शक्ति अभियान

## छात्राएं रहें शारीरिक स्वास्थ्य और डिजिटल सुरक्षा दोनों के प्रति सजग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा एवं नारी शक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष व्याख्यान कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने अपने संबोधन में छात्राओं को शारीरिक स्वास्थ्य और डिजिटल सुरक्षा दोनों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में छात्राओं का तकनीकी रूप से सशक्त होना अनिवार्य है। प्राचार्य ने सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम प्रभारी एवं मुख्य वक्ता के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम प्रभारी मृणालिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में छात्राओं को जंक फूड और पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. उमा लावानिया ने छात्राओं को पारंपरिक और पोषक आहार अपनाने पर जोर दिया। इसी क्रम में साइबर अपराध जागरूकता पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता मनीता राजपूत ने छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के व्यावहारिक तरीके विस्तार से समझाए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### इंद्रजीत का आयकर विभाग में हुआ चयन



**बीना।** शहर के इंद्रजीत सेन ने कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 2837 हासिल की है। इंद्रजीत का चयन इनकम टैक्स विभाग में ऑफिस सुपरिंटेंडेंट के पद पर हुआ है। इससे पहले उनका चयन डाक विभाग में हुआ था। सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता के सहयोग और मार्गदर्शन को दिया है। इंद्रजीत ने बताया कि नियमित पढ़ाई, समय का सही प्रबंधन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि इंद्रजीत विजय सेन के पुत्र हैं।

## कुंथुनाथ भगवान का जन्म तप और मोक्ष कल्याणक के साथ अक्षय तृतीया मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा गंज मंदिर में बड़े ही भक्ति के साथ समिति की सभी बहनों ने पूजन पाठ करके श्री 1008 कुंथुनाथ भगवान का जन्म तप और मोक्ष कल्याणक सामूहिक लाडू भगवान के समक्ष अर्पण करके मनाया गया एवं लड्डू सजाओ प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

दूसरे दिन श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा गंज मंदिर सभी बहनों द्वारा मंगलाचरण कर आदिनाथ भगवान की समक्ष भक्तांबर पाठ किया एवं गंज प्रांगण में दान दिवस अक्षय तृतीया बड़े ही धूमधाम से मनाया समिति द्वारा इच्छुक रस मजदूर वर्ग के भाइयों एवं बहनों को वितरण किया गया। गर्मी से बचने के लिए सभी मजदूर भाइयों को को गमछाभी प्रदान किया गया एवं एवं पक्षियों को पानी की व्यवस्था के लिए जगह-जगह पेड़ों पर सकोरे लगाए गए। इसी बीच मासिक मीटिंग भी रखी गई जिसमें धार्मिक प्रश्न उत्तर के लकी ड्रा निकाले गए। प्रोग्राम में शामिल महिला महासमिति की राष्ट्रीय मंत्री इंदू गांधी, वर्तमान अध्यक्ष विभा मोदी, महामंत्री प्रियंका जैन, कोषाध्यक्ष नीतू मुंद्रा, युवा प्रकोष्ठ विनीता मिर्ची, महिला प्रकोष्ठ विनीता सोनी, सह मंत्री वर्षा बड़कुल, सांस्कृतिक सचिव प्रीति भंडारी, पूर्व अध्यक्ष सुनीता चैधरी, नम्रता बड़कुल, वरिष्ठ सदस्य नंदा सोनी, प्रतिभा जैन, संगीता बहादुरपुर, सुधा जैन कार्यकारिणी की समस्त सदस्य एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जीएसटी ग्रुप ने गर्मियों में पक्षियों के लिए 1000 सकोरे और बच्चों को खिलौने बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जीएसटी ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी गर्मियों में पक्षियों के लिए सकोरे और ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को चप्पल खिलौने वितरित किए। साथ ही शहर से पुराने कपड़े एकत्रित कर उन्हें गांव में जाकर जरूरतमंद लोगों को दिए। सकोरे इस शर्त पर दिए गए हैं कि उनमें रोज पानी भरा जाए करीब 1000 सकोरे वितरित किए गए। गर्मियों में बच्चे नंगे पैर घूमते हैं जिसे देखकर उनके लिए चप्पल वितरित की गईं साथ ही उन्हें खेलने के लिए खिलौने दिए गए।

गर्मी में मानवता की मिसाल जीएसटी ग्रुप ने जरूरतमंदों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

गर्मियों के इस कठिन समय में जहां एक ओर भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं जीएसटी (गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट) ग्रुप ने समाज सेवा की एक सराहनीय पहल की है। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पक्षियों और जरूरत मंद लोगों के लिए विशेष अभियान चलाया गया। ग्रुप के सदस्यों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 1000 सकोरे (मिट्टी के बर्तन) वितरित किए, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी मिल सके। इन सकोरों को देते समय यह शर्त भी रखी गई कि उनमें रोजाना पानी भरा जाए, जिससे पक्षियों को लगातार राहत मिलती रहे।


इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए भी खास पहल की गई। संस्था ने नंगे पैर घूमने वाले बच्चों को चप्पल वितरित कीं, ताकि उन्हें गर्म जमीन से राहत मिल सके। साथ ही बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए उन्हें खिलौने भी दिए गए। जीएसटी ग्रुप ने शहर से पुराने कपड़े एकत्रित कर उन्हें गांवों में जाकर जरूरतमंद लोगों में वितरित किया। इस पहल से कई जरूरतमंद परिवारों को राहत मिली और समाज में सहयोग व संवेदनशीलता का संदेश गया। संस्था की इस पहल को स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहा जा रहा है।

## जैन मिलन सेंट्रल ने कार्यक्रमों के साथ अक्षय तृतीया मनाई



**अशोकनगर।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर प्राचीन नगरी तूमेन में श्री 1008 दिगंबर जैन आदिश्वर आदिनाथ मंदिर (बैठा देव) में जैन मिलन सेंट्रल के सदस्यों द्वारा उत्साह पूर्वक उपस्थित होकर भगवान की अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं मंगल आरती की गई। गन्ने का रस वितरित किया गया एवं श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार कराया गया। अध्यक्ष अतुल जैन बंसल मंत्री मनोज जैन बहादुरपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आनंद गांधी एवं अतुल बंसल ने इंद्र बनकर भगवान का महा मस्तकाभिषेक, शांतिधारा एवं आरती किया। तत्पश्चात इक्षु रस (गन्ने का रस) वितरण किया गया एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार कराया गया। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने गौशाला जाकर पशुओं को गौ ग्रास खिलाया जिसका पुण्यार्जक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र कोचर परिवार था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची,आनंद जैन गांधी राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, प्रमोद जैन छाया राष्ट्रीय मार्गदर्शक, राजेश जैन तारई, सुनील जैन बेलई, सत्येंद्र जैन पीरोंठ, तत्काल पूर्व अध्यक्ष सचिन जैन बारी, प्रवक्ता सचिन जैन सर्राफ एवं नितिन जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन कोठारी,सह मंत्री मनीष जैन परवाह एवं राकेश जैन रिंकू जैन,जितेंद्र जैन, नीलेश जैन,प्रदीप जैन, विपिन जैन, महावीर तरावली, विपिन बाँझल, संजय सिंघई ,मयंक जैन,वीरां. सीमा बंसल एवं संगीता जैन सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## विहिप ने अक्षय ततृीया पर निःशुल्क जल सेवा का शुभारंभ किया




**अशोकनगर।** सोमवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा निशुल्क जल सेवा का शुभारंभ आखातीज के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जल सेवा का शुभारंभ विदिशा रोड चुंगी नाका मिश्रा मेडिकल पर किया गया है।

इस अवसर पर प्रान्त अर्चक मंदिर प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा कहा नर सेवा नारायण सेवा है इससे बड़ी कोई सेवा नहीं है इसलिए सभी समाज जनों को गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी रखना चाहिए प्यासे को पानी पिलाना चाहिए यही मानवता की निशानी है जिला अध्यक्ष दिनेश जैन ने कहा कि भूखे को भोजन से ज्यादा प्यासे को पानी की जरूरत है इस मौसम में इसलिए सबको पानी मिले। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी विकास जैन बल्ली,समरसता प्रमुख मोहन नामदेव विमर्श प्रमुख, नगर मंत्री अभिषेक शर्मा ग्रामीण प्रखंड के अध्यक्ष जगभान सिंह आदि रहे मौजूद।

## शाढ़ौरा में पक्षियों के लिए पेड़ पर सकोरे टांग कर पानी रखने की मुहिम शुरू



**शाढ़ौरा।** पत्रकारों द्वारा एवं सभी समाज सेवी शाढ़ौरा में गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी जिंदगी खतरे में पड़ गई है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, स्थानीय निवासियों ने पक्षियों के लिए पेड़ पर पानी रखने की मुहिम शुरू की है। इस मुहिम के तहत, लोग अपने घरों के आसपास के पेड़ों पर पानी के बर्तन रख रहे हैं, जिससे पक्षियों को पानी मिल सके। यह मुहिम न केवल पक्षियों की जिंदगी को बचाने में मदद कर रही है, बल्कि पर्यावरण को भी फायदा पहुंचा रही है। क्या आप भी इस मुहिम में शामिल होना चाहते हैं? अपने घर के आसपास के पेड़ों पर पानी के बर्तन रखें और पक्षियों की जिंदगी को बचाएं। दीपेंद्र रघुवंशी पत्रकार, पुष्पराज यादव पत्रकार, चंदन नामदेव पत्रकार नीरज शर्मा पत्रकार नीरज रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

### जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ

## विवाह सम्मेलन में 24 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में समस्त प्रदेश में बाल विवाह मुक्त अभियान चलाया जाने हेतु निर्देशित किया गया था। अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा एवं सचिव मनीष अनुरागी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा द्वारा सहयोगी लीगल डिफेंस काउंसिल विष्णु नारायण बिल्थरिया समाज सेवी एवं पैरालेगल वॉलिंटियर जसवंत परमार एवं नवल सिंह भदोरिया के सहयोग से ग्राम आमखेड़ा एवं ग्राम तूमैन में बाल विवाह मुक्त अभियान चलाया गया।

महिला बाल विकास अधिकारी चन्द्रसेना भिड़े और कौशलेंद्र मवाई परियोजना अधिकारी, शिवकुमार नरवरिया एवं उनकी टीम ने एक दिवस पूर्व भी 24 जोड़ों के संपूर्ण कागज उम्र से संबंधित दस्तावेज एवं अन्य कानूनी जरूरत को बारीकी से जांच किया था। जिसमें जिला विधिक सहायता अधिकारी ने उन्हें पुनः मौके पर चलकर जांचा एवं देखा कि उक्त 24 जोड़े की उम्र एवं अन्य कानूनी बद्धताओं का पालन किया जा रहा है या नहीं। म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 20 अप्रैल अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमवार को ग्राम खामखेड़ा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण/नालसा द्वारा बच्चों के लिए बाल-सुलभ विधिक सेवा योजना, 2024 और आशा 2025 के अंतर्गत बाल विवाह रोकने के लिए अक्षय तृतीया पर विशेष एक दिवसीय अभियान चलाया गया।

विशेष अभियान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर, महिला एवं बाल विकास विभाग, एवं पुलिस के समन्वय से किया गया। जिसका उद्देश्य समाज में व्याप्त बाल विवाह एवं दहेज प्रथा को समाप्त करना, सरल एवं सुलभ विवाह को प्रोत्साहन देना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना था। प्रत्येक जोड़े के वैवाहिक दस्तावेजों की पूर्व में गहन जांच की गई, जिसके अनुसार वधु की आयु 18 वर्ष से कम तथा वर की आयु 21 वर्ष जांच की गई। इस विवाह सम्मेलन में कुल 24 जोड़ों का विधिवत रूप से विवाह संपन्न हुआ।

अधिनियम के अंतर्गत सम्मेलन समिति द्वारा जारी विवाह सूची अनुसार 24 जोड़ों का हिन्दू रीति-रिवाज एवं वैधानिक प्रक्रियाओं के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया। यह आयोजन बाल विवाह निषेध अधिनियम का पूर्णतः पालन करते हुए सम्पन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं एवं सम्मेलन शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## यज्ञ साक्षात भगवान विष्णु का स्वरूप होता है: देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



चंदेरी के निकट जारसल तक सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम में भाव कल से यात्रा के साथ श्री राम महायुद्ध प्रारंभ हुआ था पूजा ने किया गया एवं नगर भ्रमण कर यज्ञशाला में पूजन के उपरांत कलश स्थापना की गई।

यज्ञ आचार्य पंडित बृजेश चैबे शास्त्री ने बताया 7 दिन के हवन के समय में कुल सवा लाख आहुतियां दी जाएंगी नव कुंडी यज्ञ क्षेत्र के विकास वातावरण शुद्ध एवं कल्याण की भावना से प्रारंभ किया गया है। प्रथम दिन कथा के क्रम में अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने समस्त देवी देवताओं का आवाहन किया और मंगलाचरण के रूप में कथा का प्रारंभ किया प्रथम दिन रामचरितमानस की महिमा गुरु वंदना एवं समस्त देवी देवताओं की वंदना करते श्री राम हनुमान और सीता जी के पावन चरित्र का गायन किया सत्संग से व्यक्ति के अंतहकरण के नेत्र खुलते हैं और सारे संसार के लोगों को सीताराम स्वरूप समझकर सम्मान देने का भाव उत्पन्न होता है। प्रथम दिन हनुमान जी की वंदना करते हुए बताया हनुमान जी ही राम कथा के सच्चे श्रोता हैं और जब तक कथा चलती है तब तक कथा में उपस्थित रहे। रात्रि 8 बजे से रामलीला का मंचन होगा, रामलीला के व्यास महंत घनश्याम शरण सभी कलाकारों के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भव्य लीला का चरित्र चित्रण कर क्षेत्र के लोगों का मन मोहा कार्यक्रम के अंत में आयोजन महंत भरत दास जी सहित सभी यजमानों ने आरती उतार कार्यक्रम को विश्राम दिया।